लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 270
02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम मित्र पार्क के अंतर्गत प्रगति

270. श्री पुष्पेंद्र सरोज:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लखनऊ और हरदोई में विकसित किए जा रहे प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं परिधान (पीएम मित्र) पार्क की परियोजना-वार प्रगति क्या है;

(ख) पीएम मित्र प्रोजेक्ट के तहत अनुमानित रोजगार की संभावना और स्किल डेवलपमेंट की पहल की क्या प्रगति है;

(ग) इस परियोजना के अंतर्गत समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने वाली 95 औद्योगिक इकाइयों का ब्यौरा क्या है तथा अब तक कितनी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की गई है;

(घ) क्या मंत्रालय के पास पार्क के पूरा होने की कोई अनुमानित समय-सीमा है तथा इसका परिचालन कब तक आरंभ होने की संभावना है; और

(ङ) क्या केंद्र सरकार का विचार समय पर प्रचालनीकरण सुनिश्चित करने के लिए कोई अतिरिक्त वित्तीय या तकनीकी मदद देने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ): निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में स्वयं को मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना वाले 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

मंत्रालय को मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश (लखनऊ) में एक साइट सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया गया है। अन्य चयनित साइट तमिलनाडु (विरुधुनगर), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), तेलंगाना (वारंगल) और महाराष्ट्र (अमरावती) हैं।

यह परिकल्पना की गई है कि प्रत्येक पार्क के पूरा होने पर 10,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष तथा 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, पीएम मित्र पार्कों के लिए अवसंरचना के निर्माण और चल रही योजनाओं के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से कौशल विकास का प्रावधान किया गया है।

पीएम मित्र योजना के तहत अब तक प्राप्त निवेश/स्थापित निवेश/समझौता ज्ञापनों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य	निवेश (समझौता ज्ञापन और आशय पत्र) (करोड़ में)
1	मध्य प्रदेश	₹14,099
2	गुजरात	₹13,084
3	उत्तर प्रदेश	₹5270
4	तेलंगाना	₹3862
5	महाराष्ट्र	₹3245
6	कर्नाटक	₹1700
7	तमिलनाडु	₹1231
	कुल	₹42,491

(ङ): पीएम मित्र पार्कों के विकास के लिए, भारत सरकार की ओर से परियोजना लागत के 30% की दर से विकास पूंजी सहायता (डीसीएस) का प्रावधान है, जिसमें ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पीएम मित्र पार्कों के लिए प्रति पार्क क्रमशः अधिकतम 500 करोड़ रुपए और 200 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

***